## ।। कार्यालय प्रधानाचार्य, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर ।।

क्रमांकः– विविध/RPTC – 158-75 दिनांकः– 02/06/25

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, मण्डोर रोड, जोधपुर के प्रांगण में दिनांक 02.07.2025 को प्रात 11 बजे मियादी/बिना मियादी लोहे की चारपाई, टेन्ट,टेलीविजन, वाटर/डेजर्ट कूलर, फर्नीचर, लोहे के दरवाजे, लोहे के बॉक्स, सिलिंग फेन, तगारी, कुल्हाडी, फावडा, गेंती, खेल सामग्री इत्यादि की कुल कीमत 999645 रुपये के सामान की नीलामी की जावेगी। अतः इच्छुक खरीददार निश्चित समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है, नीलामी से सम्बन्धित आवश्यक शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है, बोली लगाने वाले को नियमानुसार नगद धरोहर राशि रुपये 20000 रुपये बोली लगाने से पूर्व जमा करवानी होगी। **नीलामी शर्ते–**

यह नीलामी कमेटी द्वारा की जायेगी तथा कमेटी के सदस्यगण किसी कारण/कार्यवश उपस्थित नहीं होने पर नीलामी स्थगित की जा सकती है। बोली लगाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धरोहर राशि अग्रिम जमा करवानी होगी, जो बोली समाप्त होने के बाद अधिकतम बोलीदाता के अलावा सभी को वापिस लौटा दी जावेगी। नीलामी बोली छूटने के बाद किसी प्रकार की आपत्ति/ऐतराज नही सुना जावेगा। नीलामी में उचित कीमत प्राप्त नही होने पर कमेटी द्वारा नीलामी स्थगित की जा सकती है। सरकारी बोली कमेटी द्वारा निर्धारित की जावेगी। सफल बोलीदाता को उसी समय पूरी राशि एक मुश्त नगद जमा करवानी होगी, तथा नीलाम किया गया सामान उसी दिन उठाना पडेगा, नीलाम किये गये सामान पर देय जी0एस0टी0 का नीलाम राशि से अलग भुगतान होगा, जो बोलीदाता को स्वंय चालान से जमा करवाकर चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

Dy. S.P. (INDOOR) RPTC JODHPUR

(हरेन्द्र कुमार महावर)
उप महानिरीक्षक पुलिस
राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र,
जोधपुर

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
2. अति. महानिदेशक पुलिस, प्रशासन/आयोजना एवं कल्याण/प्रशिक्षण राज. जयपुर।
3. निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।
4. महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज/आरएसी रेंज, राज. जयपुर।
5. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक/कमाण्डेन्टस आरएसी बटालियन्स/प्रशिक्षण संस्थान राजस्थान।
6. वित्तीय सलाहकार, पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर।
7. कोषाधिकारी, कोषालय जोधपुर शहर को भेजकर लेख है कि आप या आपके कार्यालय से प्रतिनिधि को नीलामी तिथि को समय पर कमेटी में सम्मिलित होने हेतु संस्थान में भिजवाने की व्यवस्था करावें।
8. सी0टी0ओ0 जोधपुर को वास्ते मौके पर टैक्स राशि वसूली हेतु अपना प्रतिनिधि भिजवायें।
9. सचिव निरीक्षक, आरपीटीसी, जोधपुर को वास्ते आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी लेखा शाखा आरपीटीसी, जोधपुर।
11. रोकडपाल, आरपीटीसी, जोधपुर को वास्ते बोलीदाताओं से नियमानुसार धरोहर राशि/नीलामी से प्राप्त राशि प्राप्त करने हेतु मौके पर उपस्थित होने बाबत।
12. प्रभारी कम्प्यूटर शाखा कार्यालय हाजा को निलामी सूचना प्रति भेजकर लेख है कि उक्त निलामी सूचना का प्रकाशन राज्य लोक उपापन पोर्टल एवं शासकीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने एवं कराने हेतु।

उप महानिरीक्षक पुलिस,
राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र,
जोधपुर